हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 17 अगस्त 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 बीना में स्वतंत्रता दिवस पर धूमधाम से फहराया...



09 प्रभारी मंत्री ने मुख्य समारोह में किया ध्वजारोहण...



सागर जिले में धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

80वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के मुख्य आयोजन में मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने किया ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सागर में देश का 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह अत्यंत धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया, जहां मुख्य अतिथि खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। ध्वजारोहण के पश्चात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रदेशवासियों के नाम संदेश का सजीव प्रसारण किया गया। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत की ऐतिहासिक उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य सरकार 'एक देश-एक विधान-एक प्रधान-एक निशान' की मूल भावना के अनुरूप मध्य प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू कर रही है, साथ ही सुशासन और जन-विश्वास को मजबूत करने के लिए मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान की शुरुआत की गई है।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी और कहा कि आजादी के 80वें वर्ष में प्रवेश कर रहा भारत जल्द ही अपनी 100वीं वर्षगांठ तक एक पूर्ण विकसित राष्ट्र बनकर उभरेगा। उन्होंने सागर की ऐतिहासिक माटी को नमन करते हुए गोंड राजा संग्रामशाह, बुंदेला शासकों, मराठों और 1842 के बुंदेला विद्रोह से लेकर 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन तक सागर के वीरों के अतुलनीय योगदान को याद किया। मंत्री श्री राजपूत ने सभी से जिले के सर्वांगीण विकास



में अपना यथासंभव योगदान देने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

समारोह में देशभक्ति का उत्साह चरम पर रहा, जहाँ परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक, आशीष कुमार तिवारी के नेतृत्व में सशस्त्र बल, पुलिस प्रशिक्षण शाला, एनसीसी बालक-बालिका कैडेट्स और शौर्य दल की टुकड़ियों ने आकर्षक मार्च पास्ट किया। इसके साथ ही लिटिल स्टार शैलेष मेमोरियल विद्यालय, सांदीपनि शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा।

कार्यक्रम में मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं लोकतंत्र सेनानियों को शाल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही, ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में जूडो में रजत पदक जीतकर शहर का नाम रोशन करने वाली सागर की खिलाड़ी यामिनी मौर्य, देहदान करने वाले दानदाताओं के परिजनों, उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों तथा सांस्कृतिक एवं परेड प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विभिन्न इकाइयों ने शानदार प्रदर्शन किया। विजेता दल में सशस्त्र परेड श्रेणी में जेएनपीए सागर, 10वीं वाहिनी वि.स. बल सागर तथा पुलिस प्रशिक्षण शाला मकरोनिया। निशस्त्र परेड श्रेणी में 11 एमपी एनसीसी बालक, 7 एमपी एनसीसी बालिका एवं शौर्य दल सागर एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम श्रेणी में लिटिल स्टार शैलेष मेमोरियल विद्यालय सागर, सांदीपनि शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तथा शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शामिल रहे।

जिले की विकास गाथा पुस्तिका का किया गया वितरण

समारोह में जनसंपर्क संचालनालय द्वारा प्रकाशित "बदलते दौर का मध्यप्रदेश - जिले की विकास गाथा" पुस्तिका का वितरण उपस्थित जनप्रतिनिधियों, गणमान्य अतिथियों और आम नागरिकों को किया गया। यह पुस्तिका जिले के विकास कार्यों, योजनाओं एवं उपलब्धियों को विस्तार से प्रस्तुत करती है।

इस गरिमामयी अवसर पर सांसद लता वानखेड़े, विधायक शैलेंद्र जैन, पूर्व विधायक सुधा जैन, महापौर संगीता तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सविता सिंह राजपूत, कमिश्नर अनिल सुचारी, कलेक्टर प्रतिभा पाल डीआईजी शशिंद्र चौहान, एसपी अनुराग सुजानिया, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक केवी, डीएफओ वरुण यादव, नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री, अपर कलेक्टर अविनाश रावत एसडीएम रोहित वर्मा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन, सुश्री मोना दांगी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, छात्र-छात्राएं और विशाल जनसमुदाय उपस्थित रहा।

बारिश में भीगते, नंगे पैर भक्तों के द्वार पहुंचे रावतपुरा सरकार, मांगी गौ माता के लिए एक रोटी और गुड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



गौ सेवा को संस्कार और सेवा को जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश लेकर संत श्री रावतपुरा सरकार शनिवार को मोहन नगर वार्ड में निकले। बारिश के बीच नंगे पैर और हाथ में झोली लिए जब संत भक्तों के घर-द्वार पहुंचे और गौ माता के लिए 'एक रोटी और गुड़' मांगा, तो श्रद्धालुओं की आंखों में आस्था के साथ भावुकता भी दिखाई दी।

सुबह करीब 8:30 बजे रामप्याऊ गली के सामने से 'एक रोटी गाय के लिए' पुण्य अभियान की शुरुआत हुई। बारिश शुरू होने के बाद भी संत श्री रावतपुरा सरकार ने अपनी यात्रा नहीं रोकी। वे स्वयं झोली लेकर भक्तों के दरवाजे पहुंचे और उनसे अपने भोजन में से एक रोटी गौ माता के लिए निकालने का आग्रह किया। संत का यह सहज और आत्मीय भाव लोगों के दिल को छू गया। यात्रा विद्यापीठ स्कूल के पास से होते हुए देवालय मंदिर वाली गली, बब्बू महाराज की मढ़िया, देवेंद्र तिगड्डा, टीला, मिश्रा कुआं, मेहताजी काली (भैया जी वैद्य) वाली गली और बिहारी जी मंदिर गली से होकर श्री देव अटल बिहारी जी मंदिर पहुंची, जहां दर्शन के साथ यात्रा का समापन हुआ।

रोटी के बहाने संस्कार का संदेश

'एक रोटी गाय के लिए' अभियान का उद्देश्य केवल रोटी और गुड़ एकत्र करना नहीं, बल्कि प्रत्येक परिवार के भीतर *गौ सेवा की भावना को दैनिक संस्कार बनाना* है। संत श्री रावतपुरा सरकार का संदेश है कि जिस घर में भोजन बनता है, वहां पहली रोटी गौ माता के लिए निकले। यह छोटी-सी पहल किसी के लिए साधारण हो सकती है, लेकिन गौ सेवा और करुणा की दृष्टि से इसका भाव बहुत बड़ा है। बारिश में स्वयं भीगते हुए संत का भक्तों के द्वार पहुंचना इस संदेश को और भी मार्मिक बना गया। संत ने प्रवचन से नहीं, बल्कि अपने आचरण से सेवा का अर्थ समझाया कि गौ माता के लिए निकाली गई एक रोटी केवल अन्न नहीं, बल्कि करुणा, श्रद्धा और संस्कार का प्रतीक है। 15 अगस्त को आयोजित यह यात्रा धार्मिक आस्था के साथ समाज में गौ सेवा, करुणा और संवेदनशीलता का भाव जगाने वाली पहल बन गई।

झूलेलाल चालिहा में मनाया स्वतंत्रता दिवस डिजिटल दान पर रहेगा विशेष जोर



सागर। संत कंवर राम वार्ड में चल रहे श्री झूलेलाल चालिहा के दौरान शनिवार को स्वतंत्रता दिवस उत्सव उत्साह और देशभक्ति के साथ मनाया गया। जय माता दी झूलेलाल शरण मंडली सागर द्वारा श्री झूलेलाल जी प्रांगण में स्वतंत्रता दिवस उत्सव मनाया गया। बच्चों ने देशभक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। आयोजन के दौरान श्री झूलेलाल चालिहा में आने वाले दान को लेकर एक महत्वपूर्ण पहल की घोषणा की गई। लालाराम मेठवानी ने कहा कि अगले वर्ष से दान राशि को डिजिटल माध्यम से लेने पर विशेष जोर दिया जाएगा।इसके लिए दान पत्र के साथ क्यूआर कोड लगाए जाएंगे, ताकि श्रद्धालु मोबाइल से सीधे और आसानी से दान कर सकें। उन्होंने कहा कि डिजिटल पेमेंट के माध्यम से प्राप्त होने वाले प्रत्येक दान का रिकॉर्ड व्यवस्थित रूप से रखा जा सकेगा, जिससे *दान व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ेगी और समाज को प्राप्त होने वाली राशि का स्पष्ट हिसाब उपलब्ध रहेगा। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल दौर में इस व्यवस्था को अपनाना समय की जरूरत है और इससे दान देने वाले श्रद्धालुओं को भी सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में दिया राजपूत, मोनिका मेठवानी, लीला आहूजा, भारती मोहनानी (नढ़णी), रैना गोकलानी, वर्षा हाँसानी, मानसी दरयानी, ममता तलरेजा, कनक लोटवानी, लालाराम मेठवानी, मंडली अध्यक्ष सुरेश मोहनानी, सोनू जेसवानी, विन्नू आहूजा, प्रेम प्रथयानी, विज्जू लालवानी सहित बड़ी संख्या में सिंधी समाज के वरिष्ठजन, महिलाएं, युवा एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

महापौर ने निगम कार्यालय में किया ध्वजारोहण



सागर। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर नगर निगम सागर कार्यालय में गरिमामय ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। महापौर संगीता सुशील तिवारी ने निगम अध्यक्ष वृंदा वन अहिरवार, निगम आयुक्त राजकुमार खत्री, एमआईसी सदस्यों, पार्षद गण, नगर के गणमान्य नागरिकों तथा नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और तिरंगे को नमन किया। इस अवसर पर महापौर संगीता सुशील तिवारी ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं अमर शहीदों के बलिदान को नमन करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल अंग्रेजी शासन से मुक्ति को स्मरण करने का अवसर नहीं है, बल्कि यह हमें अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने दायित्वों के प्रति सजग रहने की प्रेरणा भी देता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की प्रगति में प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका है और हमें अपने शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं विकसित बनाने के लिए मिलकर कार्य करना होगा। महापौर ने कहा कि नगर निगम द्वारा स्वच्छता, शहरवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा जनकल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता देने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के साथ विकास को आगे बढ़ाते हुए सागर शहर को स्वच्छ, सुंदर और बेहतर सुविधाओं वाला शहर बनाने का संकल्प है। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस पर समस्त नगरवासियों को शुभकामनाएं प्रेषित कीं। निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नगर निगम शहरवासियों के साथ-साथ निगम के अधिकारी-कर्मचारियों के हितों के लिए भी निरंतर कार्य कर रहा है।

जब शरीर भी मानवता के काम आए, ऐसा परिवार समाज के लिए प्रेरणा बन जाता है : सिंटू कटारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में पंकज सिंघई को मंत्री गोविंद सिंह राजपूत द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान केवल पंकज सिंघई का नहीं, बल्कि उस पूरे परिवार की संवेदनशील सोच, त्याग और मानव सेवा की भावना का सम्मान है, जिसने जीवन के बाद भी समाज के काम आने का संकल्प लिया।पंकज सिंघई के पिता प्रकाश चंद्र सिंघई, माता किरण सिंघई एवं चाचा हेमचंद्र सिंघई ने अपनी देहदान कर एक ऐसी मिसाल कायम की, जिसे शब्दों में बयां करना आसान नहीं है। सामान्यतः इंसान अपने प्रियजनों को खोने के बाद उनकी यादों को संजोकर रखता है, लेकिन सिंघई परिवार ने अपने परिजनों की स्मृति को मानव सेवा से जोड़कर उसे और भी अर्थपूर्ण बना दिया। देहदान का निर्णय भावनाओं से भरा और साहसपूर्ण निर्णय है। मृत्यु के बाद भी शरीर चिकित्सा शिक्षा, शोध और आने वाले चिकित्सकों की पढ़ाई के काम आए—इससे बड़ी मानवीय सोच शायद ही कोई हो। शरीर एक दिन पंचतत्व में विलीन हो जाता है, लेकिन देहदान के माध्यम से किसी का अंतिम योगदान आने वाली पीढ़ियों के ज्ञान का आधार बन सकता है।

पंकज सिंघई को मिला यह सम्मान उनके पिता, माता और चाचा के उसी महान संकल्प को समाज की ओर से श्रद्धांजलि भी है। यह उस परिवार की सोच को सलाम है, जिसने रिश्तों की भावनाओं को मानवता की सेवा से जोड़ दिया।

शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे ने पंकज सिंघई को बधाई देते हुए कहा कि सिंघई परिवार ने देहदान के माध्यम से समाज को यह संदेश दिया है कि इंसान की अंतिम विदाई भी किसी के भविष्य को संवार सकती है। ऐसे परिवार का सम्मान वास्तव में मानवता, त्याग और सेवा भावना का सम्मान है।

सिंघई परिवार की यह कहानी हमें सोचने पर मजबूर करती है जीवन तो हर कोई जीता है, लेकिन जाने के बाद भी किसी के काम आना ही शायद जीवन की सबसे सुंदर सार्थकता है।

स्वतंत्रता दिवस पर न्यायिक अधिकारी-कर्मचारियों के बच्चों के लिए आयोजित हुई गायन, नृत्य एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता

सागर। उच्च न्यायालय, जबलपुर एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सागर महेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के ए.डी.आर. भवन में न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारियों के विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों के लिए सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश महेश कुमार शर्मा द्वारा जिला न्यायालय परिसर में ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के उपरांत किया गया। कार्यक्रम की थीम "आजादी की उमंग, उल्लास के संग" रखी गई। बच्चों ने गायन, नृत्य एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिताओं में पूरे उत्साह, आत्मविश्वास एवं रचनात्मकता के साथ प्रस्तुतियां दीं। देशभक्ति गीतों, नृत्य एवं विभिन्न स्वरूपों में फैंसी ड्रेस के माध्यम से बच्चों ने स्वतंत्रता दिवस की भावनाओं को उल्लासपूर्वक अभिव्यक्त किया।

बच्चों की प्रतिभा एवं उत्साह को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश श्री महेश कुमार शर्मा ने कहा कि राष्ट्र का भविष्य उसके भवनों, सड़कों या तकनीक में नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ी में छिपा होता है। हमारे बच्चे आने वाले भारत की तस्वीर हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों की तुलना दूसरे बच्चों से नहीं करनी चाहिए, क्योंकि प्रत्येक बच्चे में अपनी विशिष्ट प्रतिभा होती है। कोई पढ़ाई में, कोई खेल, कला, संगीत अथवा नई चीजें सीखने में बेहतर होता है।

कार्यक्रम में जिला न्यायालय सागर के समस्त न्यायाधीशगण, जिला विधिक सहायता अधिकारी दिव्या भलावी, कर्मचारीगण एवं अधिवक्तागण उपस्थित रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री अंकित श्रीवास्तव ने आभार व्यक्त करते हुए बच्चों से कहा कि वे बड़े सपने देखें, मेहनत से उन्हें पूरा करें, असफलताओं से सीखें तथा अपने माता-पिता और देश को गौरवान्वित करें।

धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस, मेधावी छात्र और उत्कृष्ट कर्मचारी हुए सम्मानित

देवराज सोनी ने नपा, रश्मि कपास्या ने मुख्य समारोह में फहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली

स्वतंत्रता दिवस का पर्व नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े ही धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शासकीय व अशासकीय संस्थानों में ध्वजारोहण के साथ-साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। नगरपालिका अध्यक्ष ने 100 फीट लंबा तिरंगा फहराया। नगर पालिका क्षेत्र में मुख्य आकर्षण अटल सेतु पर रहा, जहाँ नगरपालिका अध्यक्ष देवराज सोनी ने 100 फीट लंबा विशाल तिरंगा फहराया। इसके पश्चात उन्होंने नगरपालिका कार्यालय, जय स्तंभ तथा क्रांतिवीर श्रीकांत पोद्दार उद्यान में ध्वजारोहण किया। इस दौरान नगर के सभी महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।900 से अधिक मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित नगर पालिका कार्यालय में आयोजित विशेष समारोह के दौरान नपा अध्यक्ष देवराज सोनी ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। नगर के ऐसे 900 से अधिक छात्र-छात्राएं, जिन्होंने परीक्षाओं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, उन्हें प्रशस्ति पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया गया।जनपद के मुख्य समारोह में ली गई परेड की सलामीस्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह जनपद स्तर पर आयोजित हुआ, जहाँ जनपद अध्यक्ष श्रीमती रश्मि कपास्या ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान के बाद उन्होंने परेड की सलामी ली।सांस्कृतिक प्रस्तुतियांः विभिन्न स्कूली छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया।पुरस्कार वितरणः सांस्कृतिक कार्यक्रमों की विजेता टीमों को जनपद अध्यक्ष श्रीमती रश्मि



कपास्या, एसडीएम कुलदीप पाराशर एवं एसडीओपी प्रकाश मिश्रा द्वारा पुरस्कृत किया गया।सांस्कृतिक कार्यक्रम में संदीपनी स्कूल की टीम ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया।कर्मचारियों का सम्मानः उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभिन्न शासकीय विभागों के कर्मचारियों को भी मंच से सम्मानित किया गया।इसके अलावा, क्षेत्र के सभी नगर एवं ग्रामीण संस्थानों में संस्था प्रमुखों द्वारा ससम्मान ध्वज फहराया गया और मिठाई का वितरण किया गया।

पंढरपुरः शासकीय पी.एम. श्री हाईस्कूल पंढरपुर में स्वतंत्रता दिवस का राष्ट्रीय पर्व बेहद उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया।ध्वजारोहण और प्रभातफेरीकार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ संस्था के प्रभारी प्राचार्य श्री मनीष तिवारी द्वारा माँ सरस्वती पूजन, ध्वज पूजन और ध्वजारोहण के साथ किया गया। इसके बाद विद्यार्थियों ने गगनभेदी जयघोष के साथ नगर में भव्य प्रभातफेरी निकाली।

पटना बुजुर्गः क्राइस्ट कॉन्वेंट स्कूल, पटना बुजुर्ग, रहली में देशभक्ति और उत्साह से सराबोर वातावरण में 80वाँ स्वतंत्रता दिवस बड़े ही धूमधाम और गरिमामय ढंग से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर जॉन्सी द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ हुई। ध्वजारोहण के पश्चात उपस्थित सभी लोगों ने राष्ट्रगान गाकर देश के प्रति अपनी निष्ठा और सम्मान व्यक्त किया।

अनिल सुचारी ने 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने निवास एवं कमिश्नर कार्यालय में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर सभी ने राष्ट्र की एकता-अखंडता का संकल्प लिया। कमिश्नर ने सभी को संबोधित करते हुए आशीर्वाद प्रदान करते हुए देशभक्ति की प्रेरणा से काम करने की बात कही। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें कर्तव्य, सेवा और राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित होने की याद दिलाता है।

कार्यालय नगर पालिक निगम सागर म.प्र.

क्र./नामा./रा.वि./न.नि./2026 -27 /43 **सूचना** सागर दिनांक 12/08/26

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम सीमा के अंतर्गत नीचे दिये गये भवनों/प्लाटों पर नाम दर्ज करने हेतु आवेदन-पत्र प्राप्त हुये हैं। अतः इस संबंध में जिन व्यक्तियों को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन से 30 दिवस के अंदर आयुक्त नगर पालिक निगम, सागर के नाम प्रस्तुत कर सकते हैं।

प्रकरण क्रमांक	वार्ड का नाम म.न./प्लाट	किस आधार पर	नाम बेचवार/वसीयतदाता/दानदाता/वंशानुक्रम द्वारा	जिस व्यक्ति का नाम दर्ज होना है
1011 26/27	अम्बेडकर	रजि. बैनामा शपथ पत्र	प्रारूप पिता वी.एस चौरसिया	सिमरन पुत्री मनोज कुमार डेंगरे
1012 26/27	तिली	रजि. बैनामा शपथ पत्र	भागीरथ पिता छोटेलाल साहू	नरेन्द्र कुमार पिता स्व. प्रागीलाल साहू
1013 26/27	तिली	रजि.हकत्याग शपथ पत्र	नर्मदा पति स्व. प्रागीलाल एवं पूरनलाल पिता स्व. प्रागीलाल साहू तथा सुमंत्रा पति कोमलचन्द साहू, तुलसा पति मोहन साहू, अशोक रानी उर्फ्रूक्मनि पति प्यारे लाल साहू, सुनीता पति अनिल कुमार साहू, सविता पति नरेन्द्र साहू सभी पुत्रियां स्व. प्रागीलाल साहू	नरेन्द्र कुमार पिता स्व. प्रागीलाल साहू
1014 26/27	तिली	रजि बैनामा शपथ पत्र	गीतेश पिता घनश्यामदास अग्रवाल	नरेन्द्र कुमार पिता स्व. प्रागीलाल साहू
1015 26/27	तिली	रजि बैनामा शपथ पत्र	अरविन्द पिता स्व. प्रेमचन्द सिंघई	नरेन्द्र कुमार पिता स्व. प्रागीलाल साहू
1016 26/27	तिली	रजि बैनामा शपथ पत्र	मेसर्स. आसन एण्ड एजुकेट एण्ड इन्फ्राकॉन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा . आदित्य एवं आकाश सिंह दोनों पिता गोविन्द सिंह राजपूत	आकाश पिता राजकुमार गर्ग
1017 26/27	पुरव्याऊ	रजि वसीयत मृत्यु प्रमाण, शपथ पत्र	स्व. गुलाबरानी पति स्व.नन्दकिशोर रैकवार	लक्ष्मण उर्फगुड्डू पिता स्व. बुद्धराम रैकवार
1018 26/27	गांधीचोक	मृत्यु प्रमाण पत्र शपथ पत्र	स्व. जैनब बी पति स्व. कादर बक्श	जुबैदा बी पति स्व. जलील अहमद एवं शकील, अकील, खलील सभी पिता स्व. जलील अहमद
1019 26/27	बाघराज	रजि बैनामा शपथ पत्र	मोहन पिता हुलासीराम पटेल	वन्दना पुत्री संजीव कुमार आजाद
1020 26/27	बाघराज	रजि बैनामा शपथ पत्र	पुरुषोत्तम पिता बलराम चौरसिया	शिवाशीष पिता स्व. जगेश्वर दयाल एवं निरूपमा पति शिवाशीष पुत्री प्रेमनारायण श्रीवास्तव

आयुक्त , नगर पालिक निगम, सागर

खबर संक्षेप

आज तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस

ललितपुर। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने आंशिक संशोधित कार्यालय ज्ञाप जारी करते हुए अवगत कराया है शासन द्वारा अगस्त माह के तृतीय शनिवार को स्वतंत्रता दिवस होने के परिप्रेक्ष्य में सम्पूर्ण समाधान दिवस को दिनांक 15 अगस्त दिन शनिवार के स्थान पर दिनांक 17 अगस्त दिन सोमवार को पूर्वाहन 11:30 बजे के बाद आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया है। अतः सोमवार 17 अगस्त को जनपद की समस्त तहसीलों में प्रातः 11:30 बजे के बाद सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत जिलाधिकारी सत्य प्रकाश तहसील ललितपुर में उपस्थित रहकर जनसमस्याएं सुनेंगे।

जुआ खेलते 11 गिरफ्तार नकदी की गई बरामद

ललितपुर। पुलिस ने अभियान चलाते हुए कोतवाली और थाना बानपुर क्षेत्र में दो अलग-अलग कार्रवाई की। पुलिस ने दोनों मामलों में 11 जुआरियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से ताश के पत्तों के साथ 25,050 रुपये की नकदी बरामद होने की बात पुलिस ने बताई है। कोतवाली क्षेत्र के बह्म चौंकी अंतर्गत हवा पट्टी पर पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी कर सात आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार कार्रवाई में फड़ से 23,500 रुपये, 52 ताश के पत्ते, दो अन्य पत्ते और चार सफेद कागज बरामद किए गए। आरोपियों की तलाशी से 7,600 रुपये नकद और मोबाइल फोन भी मिले। इस मामले में सौरभ जैन पुत्र सुरेन्द्र कुमार जैन निवासी तालाबपुरा, अमित पुत्र सुरेश निवासी मुक्तापुरा डैम रोड, सरताज खां पुत्र अजीज खां निवासी मुक्ताई चौक श्रीपुरा, अमित कुमार पुत्र निर्मल कुमार जैन निवासी मुख्य बाजार, अजय पुत्र पन्नालाल निवासी सावरकर बस्ती, जितेन्द्र जैन पुत्र पद्मचंद्र जैन निवासी कटरा बाजार तथा शशकिशोर साहू पुत्र मोहर लाल साहू निवासी तालाबपुरा, कोतवाली ललितपुर को गिरफ्तार किया गया। दूसरी कार्रवाई थाना बानपुर पुलिस ने छोटा राजा के होटल के पीछे खाली स्थान पर की। पुलिस के मुताबिक 13/14 अगस्त की रात गश्त और चेकिंग के दौरान टीकमगढ़ रोड पर होटल के पीछे कुछ लोग मोमबत्ती की रोशनी में ताश के पत्तों पर रुपये की हार-जीत का जुआ खेल रहे हैं। पुलिस ने फड़ से 1,550 रुपये, जामा तलाशी से 510 रुपये, कुल 2,060 रुपये नकद, 52 ताश के पत्ते और एक जली हुई मोमबत्ती बरामद की। गिरफ्तार आरोपियों में गुडडू उर्फ ताजिस्तान पुत्र वहीद खान निवासी बौरू दरवाजा, कोतवाली टीकमगढ़ (मध्य प्रदेश), छोटा राजा पुत्र फुल सिंह निवासी मोहल्ला अथाई, कस्बा व थाना बानपुर, ललितपुर, चिट्टू पुत्र मोहन दास साहू निवासी ललितपुर रोड, कस्बा बानपुर तथा श्याम दोनोंवे पुत्र रामकिशन दोनोंवे निवासी बौरू दरवाजा, कोतवाली टीकमगढ़ (मध्य प्रदेश) शामिल हैं। मामले में एफआईआर दर्ज की है।

प्याज की फसल उजाड़ने का विरोध, मारपीट

ललितपुर। थाना बानपुर क्षेत्र के ग्राम बानपुर में खेत में लगी प्याज की पौध नष्ट करने का विरोध करने को लेकर पुरानी रंजिश में एक परिवार के साथ मारपीट और घर में घुसकर तोडफ़ोड़ किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि लाठी-डंडों से लैस लोगों ने पहले दुकान पर बैठे युवक के साथ मारपीट की और इसके बाद घर में घुसकर महिला के साथ भी मारपीट करते हुए गृहस्थी का सामान क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर पांच नामजद समेत अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम बानपुर निवासी आत्माराम पुत्र हरिराम यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 14 अगस्त 2026 की सुबह करीब 9.30 बजे उसकी पत्नी बबीता घर के अंदर खाना बना रही थीं, जबकि उसका भतीजा शोर सिंह रामसिंह के मकान के बाहर बनी सीमेंट की दुकान पर बैठा था। आरोप है कि इसी दौरान राम किशोर, करन सिंह, खिलान सिंह पुत्रगण रत्तीराम यादव, सोनू पुत्र राम किशोर और पलियान पुत्र करन सिंह यादव, कुछ अन्य लोगों के साथ वहां पहुंचे। आरोपियों ने पुरानी रंजिश को लेकर शोर सिंह के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी।

न्यायालय परिसर और राजनीतिक कार्यालयों में पूरे आन-बान-शान के साथ राष्ट्रीय ध्वज लहराया

बीना में स्वतंत्रता दिवस पर धूमधाम से फहराया गया तिरंगा, उत्कृष्ट विद्यालय में हुआ मुख्य समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना





नगर एवं ग्रामीण अंचलों में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर शासकीय कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों, न्यायालय परिसर और राजनीतिक कार्यालयों में पूरे आन-बान-शान के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। मुख्य समारोह में छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया।

स्वतंत्रता दिवस का मुख्य आयोजन शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक-1 परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष उषा राय ने की, जबकि विधायक निर्मला सप्रे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। ध्वजारोहण के उपरांत मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। इसके बाद विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक देशभक्ति पूर्ण रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्हें देखकर उपस्थित जनसमूह भावविभोर हो उठा। समारोह के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों और शासकीय दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इनका हुआ सम्मानः राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता करने वाले खिलाड़ी धैर्य श्रीवास्तव पिता राजीव श्रीवास्तव शतरंज, श्रद्धा कुर्मी पिता शैलेन्द्र कुर्मी कुश्ती, दिव्यांशु रजक पिता हेमंत रजक क्रिकेट, गोविंद साहू पिता मुकेश साहू रस्सी कूद, अरनव घावरी पिता देवराज घावरी हॉकी, प्रशांत अहिरवार पिता चंदन सिंह एथलेटिक्स, रोहन कुशवाहा, सत्यम दीक्षित, भानु प्रताप सिंह को सम्मानित किया गया। नगर के प्रमुख संस्थानों में भी ध्वजारोहण के गरिमामय कार्यक्रम आयोजित हुए।

न्यायालय परिसरः प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश संजय जैन ने तिरंगा फहराया। इस दौरान द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश देवेंद्र कुमार कुंडू, न्यायाधीश शरद जोशी, मीनाक्षी जोशी, मृदुल जैन, शलोनी जैन सहित अधिवक्ता संघ अध्यक्ष सुरेंद्र सोनी व सचिव सुरेश यादव उपस्थित रहे।

तहसील कार्यालयः एसडीएम रवीश श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर तहसीलदार अंबर पंथी, नायब तहसीलदार हेमराज मेहर व कानूनगो मनीष गोस्वामी मौजूद थे।

प्रमुख संस्थान व पुलिस विभागः सिविल अस्पताल में बीएमओ डॉ. संजीव अग्रवाल, एसडीओपी कार्यालय में एसडीओपी अजय कुमार सनकत, बीना थाना परिसर में थाना प्रभारी अनूप यादव और रेलवे स्टेशन पर स्टेशन प्रबंधक राकेश पुरोहित ने ध्वजारोहण किया।

प्राथमिक शाला गांधी वार्ड में पार्षद भारती राय तथा सीएम राइज स्कूल में प्राचार्य मंजू यादव ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। जवाहर वार्ड स्थित गायत्री विद्या मंदिर इंग्लिश मीडियम स्कूल में ध्वजारोहण नगर पालिका उपाध्यक्ष रमाकांत बिलगैया ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सोनाली राय, विशिष्ट अतिथि भाजपा महामंत्री आलेख राय, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से राजीव अग्रवाल, समाजसेवी योगेश समैया, संचालक प्रदीप तिवारी आदि उपस्थित रहे।

स्वतंत्रता दिवस पर विधायक सप्रे विभिन्न कार्यक्रमों में हुईं शामिल

बीना। स्वतंत्रता दिवस की 80वीं वर्षगांठ के पावन अवसर पर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में विधायक निर्मला सप्रे ने सहभागिता कर राष्ट्रध्वज फहराया और राष्ट्रनायकों को नमन किया।

ध्वजारोहण कर महापुरुषों को किया नमन

कार्यक्रम की शुरुआत विधायक कार्यालय में ध्वजारोहण के साथ हुई। इसके पश्चात अंबेडकर चौराहा स्थित भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। साथ ही गांधी तिराहा पहुंचकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। शासकीय कन्या महाविद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस मनाया गया।

तत्पश्चात नगर पालिका में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के बाद श्री नाभिनंदन दिगंबर जैन स्कूल में ध्वजारोहण किया। कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतिम चरण में शासकीय उच्चतर उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय में ध्वजारोहण कर विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं उपस्थित नागरिकों के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया।

इस मौके पर विधायक निर्मला सप्रे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत के संकल्प के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा है। हमें स्वतंत्रता सेनानियों और राष्ट्रनिर्माताओं के आदर्शों को आत्मसात करते हुए विकसित, आत्मनिर्भर और सशक्त भारत के निर्माण में अपना योगदान देना है।





गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज में हर्षोल्लास के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस

बीना। शासकीय कन्या महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस - राष्ट्रीय पर्व प्राचार्य डॉ. रश्मि जैन के मार्गदर्शन में बड़े हर्षोल्लास एवं गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष सोनाली राय रहीं। विशिष्ट अतिथियों के रूप में भारतीय सेना के पूर्व सैनिक विजय कुमार बामनिया, एलएल सोनकर एवं राजकुमार त्रिपाठी उपस्थित रहे।

छात्राओं से राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने किया आह्वान

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. रश्मि जैन ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं से राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने तथा अनुशासन एवं जिम्मेदारी के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने का आह्वान किया। जनभागीदारी समिति अध्यक्ष सोनाली राय ने स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानियों एवं देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर जवानों को नमन करते हुए कहा कि देश की युवा पीढ़ी ही भारत के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है।

विशिष्ट अतिथि एवं भारतीय सेना के पूर्व सैनिक विजय कुमार बामनिया ने सेना के अनुशासन, साहस एवं राष्ट्रसेवा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को देश के प्रति समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा की भावना विकसित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में जनभागीदारी समिति के सदस्य नवीन सिंह, सत्यप्रकाश नायक, विनीत झा, मनोज अग्रवाल, गोविंद तिवारी, राजीव जैन, राजेश राय, गौरव जैन एवं जितेंद्र राय सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

श्रद्धालुओं ने किया 40 लाख पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण

ललितपुर। श्रीसिद्धपीठ चंडी मंदिर धाम में आयोजित सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं श्रीरुद्र महायज्ञ के धार्मिक अनुष्ठान में रविवार को श्रद्धालुओं ने उत्साह और श्रद्धाभाव के साथ करीब 40 लाख पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण किया। पूरे परिसर में दिनभर भगवान शिव की आराधना और हर-हर महादेव के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

रविवार की सुबह श्रीरुद्र महायज्ञ के अंतर्गत पीठ पूजन का आयोजन किया गया। पूजन मुख्य यजमान हरीशंकर साहू द्वारा विधि-विधान से संपन्न कराया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने पार्थिव शिवलिंगों के निर्माण में सहभागिता की। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने से मंदिर परिसर में धार्मिक उत्साह का माहौल रहा। अपराह्न में श्रीरामचरित मानस का पूजन एवं आरती मुख्य यजमान डॉ. अनूप श्रीवास्तव, डॉ. रानी श्रीवास्तव, गिरीश खरे एवं सीमा खरे द्वारा की गई। इसके पश्चात कथाव्यास चंद्रभूषण पाठक ने श्रद्धालुओं को भगवान की कथा सुनाते हुए आध्यात्मिक आनंद के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आनंद आध्यात्म की महत्वपूर्ण उपलब्धि है। जो व्यक्ति इसे प्राप्त कर लेता है, उसकी आध्यात्मिक अवस्था उच्च मानी जाती है। उन्होंने कहा कि बाहरी प्रसन्नता भौतिक वस्तुओं से जुड़ी होने के कारण अस्थिर होती है, जबकि आत्मिक आनंद चिरस्थायी और समभाव में रहने वाला होता है। कथाव्यास ने कहा कि सामान्यतः आनंद और उत्फुल्लता को एक ही माना जाता है, जबकि दोनों में काफी अंतर है। बाहरी वस्तुओं में मिलने वाला सुख वास्तव में हमारे अंतर्मन के आनंद का ही प्रतिबिंब है। यदि भौतिक पदार्थ वास्तव में आनंद के स्रोत होते तो एक ही वस्तु सभी के लिए समान रूप से प्रसन्नता का कारण बनती, लेकिन जीवन में ऐसा नहीं होता। उन्होंने कहा कि इस भ्रम को समझकर और दूर करके ही मनुष्य उस चिरंतन आनंद की अनुभूति कर सकता है। धार्मिक आयोजन के क्रम में भगवान भोलेनाथ का महारुद्राभिषेक आचार्य पवन शास्त्री सहित अन्य वैदिक ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ कराया गया। महारुद्राभिषेक में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का पूजन कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले, विजय जैन कल्लू, अनूप मोदी, राहुल शुक्ला, ब्रजमोहन संज्ञा, अश्विनी पुरोहित, संदीप तिवारी, शत्रुधन यादव, दिनेश पाठक, मनीष दुबे, रामकृपाल गुप्ता मौजूद रहे।

सांसद, राज्य मंत्री, एसपी ने किया आवासीय भवनों का भूमि पूजन

ललितपुर। जनपद ललितपुर के थाना बार में पुलिसकर्मियों एवं उनके परिवारों के लिए स्वीकृत आवासीय भवनों के निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन कर शुभारंभ किया गया। यह निर्माण कार्य उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की स्वीकृति के बाद प्रारंभ हुआ है। पुलिसकर्मी निरंतर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए आमजन की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में उनके लिए बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराना आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार पुलिस बल के आधुनिकीकरण के साथ-साथ पुलिसकर्मियों के कल्याण और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार पर भी कार्य कर रही है। थाना बार में आवासीय भवनों का निर्माण इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। विधायक ने इस कार्य के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विधानसभा सहित पूरे जनपद में विकास एवं जनसुविधाओं से जुड़े कार्यों को लगातार आगे बढ़ाया जा रहा है। सांसद अनुराग शर्मा ने कहा कि पुलिसकर्मी कठिन परिस्थितियों में भी पूरी निष्ठा के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हैं। आवासीय भवनों के निर्माण से पुलिसकर्मियों एवं उनके परिवारों को सुरक्षित और व्यवस्थित आवासीय सुविधा उपलब्ध होगी। निर्माण पूर्ण होने के बाद थाना बार में तैनात पुलिसकर्मियों को कार्यस्थल के समीप आवासीय सुविधा उपलब्ध होगी। इससे उनके परिवारों को भी बेहतर वातावरण मिलेगा और पुलिसकर्मी अपने दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन कर सकेंगे। कार्यक्रम में राज्य मंत्री मनोहर लाल पंथ, सांसद अनुराग शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, विधायक रामरतन कुशवाहा और पुलिस अधीक्षक ललितपुर सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, पुलिस विभाग के अधिकारी, संबंधित विभागीय अधिकारी एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

रिश्वत के आरोप को पुलिस ने बताया निराधार, आरक्षी लाइन हाजिर

ललितपुर। डायल-112 की पीआरवी टीम के एक कर्मचारी का पान मसाला लेते हुए वीडियो सामने आने के बाद रिश्वत लेने के आरोपों को लेकर मामला चर्चा में आ गया। पुलिस ने पूरे प्रकरण पर स्पष्टीकरण जारी करते हुए रिश्वत लेने के आरोप को असत्य एवं निराधार बताया है। वहीं शासकीय कार्यों के निर्वहन में लापरवाही बरतने के मामले में पीआरवी में तैनात आरक्षी राकेश मीना को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार, 14 अगस्त 2026 को डायल-112 पर शिकायतकर्ता अरुण लोधी ने सूचना दी थी कि दुकान से सामान लेने के बाद विपक्षी पवन द्वारा उसके रुपये नहीं दिए जा रहे हैं। सूचना मिलने पर डायल-112 की पीआरवी टीम तत्काल मौके पर पहुंची और मामले में कार्रवाई करते हुए शिकायतकर्ता को विपक्षी पवन से सामान के रुपये दिलाए गए। पुलिस के मुताबिक, इसी दौरान शिकायतकर्ता के परिचित व्यक्ति द्वारा पीआरवी चालक होमगार्ड जगतनारायण को पान मसाला दिया गया। होमगार्ड द्वारा पान मसाला अपनी जेब में रखा जा रहा था, इसी दौरान किसी व्यक्ति ने इसका वीडियो बना लिया। बाद में वीडियो के आधार पर पीआरवी कर्मचारी पर रिश्वत लेने के आरोप लगाए गए। इस संबंध में पुलिस ने स्पष्ट किया है कि पीआरवी कर्मचारी द्वारा किसी प्रकार की रिश्वत लिए जाने का आरोप असत्य एवं निराधार है। पुलिस के अनुसार वीडियो में दिखाई दे रही वस्तु पान मसाला है और उसे रिश्वत के रूप में लेना प्रमाणित नहीं हुआ है।

थाना बार का एसपी ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई ने रविवार को थाना बार का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर, कार्यालय, मिशन शक्ति केंद्र, साइबर हेल्प डेस्क, मेस सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और संबंधित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना कार्यालय में साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव और उनके अद्यतन की स्थिति देखी। इसके साथ ही थाना परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था तथा आगंतुकों और पुलिसकर्मियों के लिए उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने थाना परिसर में स्वच्छता, सुव्यवस्था और हरित वातावरण बनाए रखने के लिए नियमित साफ-सफाई एवं अभिलेखों को समय-समय पर अपडेट रखने के निर्देश दिए। एसपी ने मिशन शक्ति केंद्र के रजिस्टरों का निरीक्षण कर महिला संबंधी शिकायतों और उनके निस्तारण की स्थिति की गहनता से समीक्षा की। उन्होंने रजिस्टरों को नियमित रूप से अद्यतन रखने तथा महिला संबंधी अपराधों में सूचना मिलते ही पुलिस टीम को तत्काल मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साइबर हेल्प डेस्क के अभिलेखों और रजिस्टरों का भी निरीक्षण किया गया। एसपी ने प्राप्त साइबर शिकायतों की स्थिति की जानकारी लेते हुए डेस्क पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को साइबर अपराध के पीड़ितों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने तथा शिकायतों का शीघ्र और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने प्रभारी निरीक्षक और समस्त पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि थाना परिसर में आने वाले प्रत्येक फरियादी और आगंतुक के साथ शिष्ट, सम्मानजनक और संवेदनशील व्यवहार किया जाए। उन्होंने सीयूजी फोन को सदैव क्रियाशील रखने तथा प्राप्त होने वाली कॉल का समयबद्ध तरीके से जवाब देने के निर्देश दिए।

साथ ही जनसामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। एसपी ने प्रभारी निरीक्षक को अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन और बिक्री के विरुद्ध आबकारी विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर संयुक्त टीम बनाकर नियमित एवं प्रभावी अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने अवैध मादक पदार्थों और शराब की तस्करी अथवा कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध प्रभावी वैधानिक कार्रवाई करने को कहा।

जिले भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

प्रभारी मंत्री ने मुख्य समारोह में किया ध्वजारोहण, छोडे रंग बिरंगे गुब्बारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला ने स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2026 के अवसर पर जिला मुख्यालय श्योपुर स्थित वीर सावरकर स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर राष्ट्रगान हुआ एवं शांति के प्रतीक रंग बिरंगे गुब्बारे आकाश में छोडे गये।

प्रभारी मंत्री शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह में ध्वाजरोहण से पूर्व राष्ट्रीय गीत वंदेमारतम का सामुहिक गायन संपन्न हुआ। स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा प्रदेश के नागरिकों के नाम लाइव संदेश दिया गया। मुख्यमंत्री के लाइव संदेश वाचन उपरांत जिला स्तरीय मुख्य समारोह के मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री शुक्ला द्वारा श्योपुर जिले के विकास पर आधारित बधाई संदेश का वाचन किया गया तथा नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी गई। प्रभारी मंत्री शुक्ला ने कलेक्टर शीला दाहिमा तथा पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के साथ परेड कमांण्डर सुबेदार भागवत प्रसाद पाण्डेय, टूआईसी सब इंस्पेक्टर सूबेदार अनिल बाथम, एसएएफ के दल नायक कप्तान सिंह भदौरिया, जिला पुलिस बल (पुरूष) के दल नायक एएसआई धर्मेन्द्र मीणा, महिला जिला पुलिस बल की दल नायक एसआई रीना सोलंकी, नगर सेना के प्लाटून कमांडर बृजमोहन नरवरिया, पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय एनसीसी बालक दल नायक सौरभ शाक्य, पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय एनसीसी बालिका दल नायिका विजया धाकड, पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय एवं जिला पुलिस के संयुक्त बैंड दल नायक ईश्वर बैरवा, पीएम श्री शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय एनसीसी दल नायक जीतेश सिंह तोमर, पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय श्योपुर दल नायक उमेर आफताब, शासकीय उत्कृष्ट उमावि श्योपुर स्काउट दल नायक मिलिंद सिंह राजपूत, पीएमश्री शासकीय कन्या उमावि श्योपुर दल नायिका वैष्णवी चौहान एवं शौर्य दल नायिका दीपिका भांवरिया से परिचय प्राप्त किया। वीर सावरकर स्टेडियम श्योपुर में आयोजित मुख्य समारोह के दौरान शासकीय सांदीपनि उमावि श्योपुर, अशासकीय अल्फा उमावि श्योपुर, पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय श्योपुर, शासकीय उत्कृष्ट उमावि श्योपुर एवं अशासकीय सेंट पायस स्कूल श्योपुर, माता शबरी शासकीय आवासीय कन्या शिक्षा परिसर ढेगदा, पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय श्योपुर के छात्र-छात्राओं द्वारा मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती दी गई।



प्रभारी मंत्री ने इन्हें किया सम्मानित

स्वतंत्रता दिवस समारोह के मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित लोकतंत्र सेनानी रामप्रसाद पारेता सहित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. उदयभान सिंह चौहान, स्व. रामजी दास मित्तल, स्व. केदारनाथ वैश्य, स्व. रामदयाल गुप्ता, स्व. प्रकाशभानू सिंह चौहान, स्व. चिरोंजीलाल गोयल (नाना), स्व. वली मोहम्मद कुरैशी, स्व. रामगोपाल नागौरी, स्व. रहमतुल्ला, स्व. बद्रीप्रसाद स्वर्णकार, स्व. भोलानाथ भार्गव, स्व. हरिशंकर झा, स्व. मणीशंकर झा एवं स्व. मांगीलाल चौहान के परिजनो क्रमशः आदित्य चौहान, डॉ आशीष मित्तल, डॉ सीएम सिंहल, सोनेराम गुप्ता, आशीष चौहान, विष्णु गोयल, हबीब मोहम्मद कुरैशी, मनीष नागौरी, निजाम, दौलत सोनी, जगमोहन भार्गव, अशोक झा, अभिलाषा झा एवं सीताराम चौहान को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

विजेताओं को किया सम्मानित

प्रभारी मंत्री शुक्ला ने परेड के सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय एवं जिला पुलिस बल के संयुक्त बैंड दल, द्वितीय स्थान के लिए पीएमश्री शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय एनसीसी दल एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने के लिए एसएएफ दल श्योपुर को शील्ड एवं प्रशस्ती पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार जूनियर वर्ग में पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय एनसीसी बालक दल को प्रथम स्थान के लिए, पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय एनसीसी बालिका दल को द्वितीय स्थान के लिए तथा पीएमश्री शासकीय कन्या उमावि श्योपुर को तृतीय स्थान के लिए शील्ड एवं प्रशस्ती पत्र प्रदान किये गये। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रथम स्थान पर रहे अशासकीय सेंटपायस स्कूल श्योपुर, द्वितीय स्थान पर रहें शासकीय उत्कृष्ट उमावि श्योपुर एवं तृतीय स्थान पर रहे शासकीय सांदीपनि उमावि श्योपुर को भी शील्ड एवं प्रशस्ती पत्र प्रदान किये गये। इसके अलावा समारोह के अंत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों, पुलिस अधिकारियों एवं पुलिसकर्मीयों को प्रशस्ती पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

चार महीने पहले हुई थी नव विवाहिता की शादी,वीरपुर थाना क्षेत्र का मामला

नवविवाहिता की संदिग्ध मौत,पति पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

वीरपुर थाना क्षेत्र के काऊपुरा गांव में रविवार की तडके 22 वर्षीय नवविवाहिता रिंकी रावत की संदिग्ध परिस्थितियों के बीच मौत हो गई। नव विवाहिता की सिर्फ चार महीने पहले ही शादी हुई थी और चार महीने बाद ही उसकी मौत होने से सनसनी फैल गई। परिजनों ने नव विवाहिता के पति ही गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। वीरपुर थाना पुलिस ने इस मामले में मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार ग्राम मोरेका निवासी मोहरसिंह रावत की बेटी रिंकी रावत की चार महीने पहले 19 अप्रैल को ग्राम काऊपुरा निवासी जल सिंह रावत के साथ शादी हुई थी। बताया जा रहा है कि शनिवार की रात नव विवाहिता रिंकी अपने पति के साथ अपने कमरे में सोई थी। लेकिन रविवार की सुबह वह बिस्तर पर मृत अवस्था में मिली है। नव विवाहिता रिंकी की अचानक हुई मौत फिलहाल संदिग्ध दिख रही है। लेकिन रिंकी की मौत की खबर सुनकर काऊपुरा पहुंचे उसके मायके पक्ष के लोगो ने रिंकी की मौत हो हत्या बताया है। रिंकी के पिता का आरोप है कि रिंकी की हत्या दामाद के द्वारा रात्रि के दौरान गला दबाकर की गई है। मौत की सूचना मिलने पर काऊपुरा पहुंची वीरपुर थाना पुलिस नव विवाहिता के शव को मौका मुआयना करने के बाद पीएम के लिए जिला अस्पताल श्योपुर ले आई। जहां मेडिकल बोर्ड की देखरेख में नव विवाहिता का पीएम किया गया। इसके बाद शव को परिजनो के सुपुर्द कर दिया और पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

पीएम रिपोर्ट और जांच के बाद होगी स्थिति साफ

एसडीओपी विजयपुर राघवेन्द्र सिंह तोमर का कहना है कि नवविवाहिता की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है। पीएम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारण का पता चल सकेगा। पुलिस कमरे में रात के दौरान हुई घटनाओं की जानकारी जुटा रही है। जांच पूरी होने के बाद भी इस संबंध में स्पष्ट रूप से कुछ बताना संभव हो पाएगा।

नरेश मीणा के जन्मदिन पर 78 यूनिट रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



ग्राम मूंडला स्थित बाबा खेमजी मंदिर पर रविवार को किसान नेता नरेश मीणा के जन्मदिन के अवसर पर बाबा खेमजी सेवा समिति ग्राम मूंडला एवं समस्त क्षेत्रवासियों के तत्वावधान तथा किसान नेता राधेश्याम मीणा के नेतृत्व में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी करते हुए 78 यूनिट रक्तदान किया। किसान नेता राधेश्याम मीणा मूंडला ने बताया कि किसान नेता नरेश मीणा किसानों, युवाओं एवं पीड़ितों के न्याय के लिए लगातार संघर्षरत हैं। वर्तमान में आंदोलन से जुड़े मुकदमों के कारण वे टोंक जेल में बंद हैं। नरेश मीणा की पहचान एक संघर्षशील किसान नेता के रूप में है और श्योपुर जिले में भी उनकी लोकप्रियता एवं बड़ी संख्या में समर्थक हैं। उनके सहयोग से नरेश मीणा के जन्मदिन को सेवा कार्य के रूप में मनाते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में विभिन्न जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं बड़ी संख्या में युवाओं ने सहभागिता करते हुए रक्तदान किया तथा आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिया। युवाओं ने रक्तदान कर पीड़ित मानवता की सेवा का अनुकरणीय संदेश दिया।

पर्यावरण व स्वच्छता अभियान के साथ होगा जेसी सप्ताह का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जेसी सप्ताह का शुभारंभ पर्यावरण एवं स्वच्छता अभियान के साथ किया जाएगा। इसके माध्यम से स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाएगा। इसके साथ ही स्टार नाइट के अंतर्गत प्रतिभाशाली कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा।

वहीं सांस्कृतिक संध्या के माध्यम से भारतीय संस्कृति एवं कला की विविधता को मंच प्रदान किया जाएगा। यह जानकारी जेसी सप्ताह चेयनमैन जेसी रोहित शर्मा घी वाले ने रविवार को कार्यक्रम की तैयारी बैठक के दौरान दी। उन्होने बताया कि सप्ताह भर में होने वाले कार्यक्रम में "देश रंगीला" थीम पर राष्ट्रभक्ति कार्यक्रम, जिसमें स्कूली बच्चों द्वारा देशभक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इसके अलावा स्वास्थ्य एवं फिटनेस के प्रति जागरूकता का संदेश देने के लिए मैराथन का आयोजन किया जाएगा।

कॉलेज परिसर में "युवा संवाद" कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। "श्योपुर बेस्ट कपल" कार्यक्रम के माध्यम से दंपतियों के बीच आपसी सामंजस्य, सहभागिता एवं पारिवारिक मूल्यों को प्रोत्साहित किया जायगा। "आपकी अदालत" का आयोजन भी किया जाएगा। इस प्रकार जेसी वीक के दौरान सामाजिक सेवा, स्वच्छता, पर्यावरण, संस्कृति, राष्ट्रभक्ति, स्वास्थ्य, युवा सहभागिता एवं पारिवारिक मूल्यों से जुड़े विविध कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। बैठक के दौरान जेसीआई अध्यक्ष जितेंद्र गर्ग, सचिव जेसी राहुल गुप्ता एवं कोऑर्डिनेटर गौरव अग्रवाल,जेसी दीपक सिंगल, जेसी दिनेश साहू, जेसी श्याम शर्मा, जेसी दीपक मित्तल, जेसी सीए नितिश गुप्ता, जेसी दीपक मंगल, जेसी अनीश जैन, जेसी महावीर शिवहरे सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

खंडूराम का डेरा से लापता दो बहनें हरियाणा से बरामद, दो आरोपी अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम खंडूराम का डेरा से करीब सप्ताह पहले संदिग्ध परिस्थितियों के बीच लापता हुई दो बहने सकुशल मिल गई है। पुलिस ने उन्हें हरियाणा के नूह जिले से बरामद किया है। साथही दो आरोपियों को भी अरेस्ट कर उन्हें जेल भेज दिया है। इस मामले में एक आरोपी अभी फरार बताया जा रहा है।

मानपुर थाने की दुर्गापुरी चौकी के प्रभारी प्रदीप सिंह तोमर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर दोनो बहनो को हरियाणा के नूह जिले से दत्स्याब कर लिया है। दोनो बहनो ने पूछताछ के दौरान आनलाइन गेम के दौरान जिनसे दोस्ती हुई है,उनसे मिलने जाने की बात बताई है। पूछताछ के बाद दोनो बहनों को परिवारजनो के सुपुर्द कर दिया गया है। इस मामले में रोहन राजपूत तथा भोला शाह निवासी हनुमान नगर हरियाणा को अरेस्ट किया है। राजू उर्फ कार्तिक नामक युवक फरार है,जिसकी तलाश की जा रही है।

क्रेशर के गड्ढे में मिला दो दिन से लापता युवक का शव

श्योपुर। बड़ौदा थाना क्षेत्र में स्थित नयागांव लाखा के पास स्थित क्रेशर के गड्ढे में भरे पानी में एक युवक का तैरता शव मिला है। मृतक की पहचान लालू आदिवासी निवासी बाबड़ीचापा के रूप में हुई है। युवक दो दिन से लापता बताया जा रहा था। फिलहाल पुलिस ने युवक के शव को पीएम के बाद परिजनो के सुपुर्द कर दिया और मर्ग दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है। रविवार की सुबह नयागांव लाख के पास मौजूद क्रेशर के गड्ढे में भरे पानी में एक युवक का शव तैरता दिखा तो यहां लोगो की भीड जमा हो गई। इसकी सूचना मिलने पर बडौदा थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। बडौदा थाना प्रभारी सतीश सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान ग्राम बाबड़ी चापा निवासी लालू आदिवासी 30 वर्ष पुत्र श्रीकृष्ण आदिवासी के रूप में हुई है। लालू 14 अगस्त की शाम को अपने घर से निकला था। शव को पीएम के बाद परिजनो के सुपुर्द करते हुए मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

26 को मनेगा ईद मिलादुन्नबी पर्व, शहर में निकालेंगे जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

ईद मिलादुन्नबी पर्व 26 अगस्त को मनाया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न मदरसो में सिरातुन्नबी जलसे आयोजित किए जाएंगे और शहर में हमेशा की तरह इस बार भी हुजूर पाक सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की शान में जुलूस निकाला जाएगा। जुलूस को लेकर गाइड लाईन तय करने के उद्देश्य शहर काजी अतीकुल्लाह कुरैशी के नेतृत्व में एक बैठक बीते रोज आयोजित हुई।

अहले सुन्नतवल जमात के जिला सदर मोहम्मद चीनी कुरैशी के निवास पर आयोजित हुई बैठक में शहर काजी अतिकुल्ला कुरेशी एवं मध्य प्रदेश वक्फबोर्ड की श्योपुर इकाई के जिला अध्यक्ष काजी असादुल्लाह कुरैशी की मौजूदगी में आयोजित बैठक में निर्णय लिया कि हर साल की तरह इस साल भी जुलूस कर्बला पीर मदर किला बस्ती एवं गांधीनगर से निकाले जाएंगे। जुलूस सुबह 9:00 बजे से शुरू होगा। कर्बला रोड पीर मदार से शुरू होने वाला जुलूस बड़ा इमामबाड़ा से किला रोड गर्ल स्कूल के पास, बोहरा बाजार, सुबात चौराहा होता हुआ मेन बाजार पहुंचेगा यहां किला से आने वाला जुलूस भी शामिल हो जाएगा जुलूस के गांधी पार्क से पुराना बस स्टैंड पर पहुंचने पर गांधी नगर का जुलूस भी मुख्य जुलूस में शामिल हो जाएगा। यहां से जुलूस जिला पंचायत अध्यक्ष के निवास से होते हुए जए स्थम्भ, गांधी पार्क से मेन बाजार, सूबात चौराहा से भैंस पाड़ा होते हुए दरगाह पीर मजार पर पहुंचकर संपन्न होगा। जुलूस में पटाखे नहीं चलाए जाएंगे झंडो पर निगरानी रखी जाएगी ऐसा झंडा जुलूस में शामिल करने से रोकने का आव्हान शहर काजी ने किया है जिससे लगे कि वह पाकिस्तानी झंडे से मिलता जुलता हैं। साथ ही कव्वाली नात (धार्मिक गान) डीजे पर कम आवाज में बजाई जाएगी। जुलूस में झंडों को सीधा रखा जाएगा। उससे अखाड़े जैसे करतब नहीं किए जाएंगे। बैठक में अंजुमन कमेटी के खजाँची अनवर रंगरेज, सुन्नतवल जमात से जुड़े रईस भाई, सय्यद राशिद अली-सेके शहमाद खान, गफूर मोहम्मद गाँधी नगर आदि मौजूद रहे।

नाचते झूमते पैदल यात्री पहुंचे क्षेत्रपाल बाबा के दरबार में

यात्रियों ने झंडा चढ़ाकर क्षेत्रपाल बाबा से मांगी खुशहाली और किया पैदल यात्रा का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शनिवार को श्योपुर जिला मुख्यालय से रवाना हुई 16 वीं पैदल यात्रा में शामिल पैदल यात्रा रविवार को नाचते झूमते हुए ग्राम जैनी स्थित श्री क्षेत्रपाल बाबा के दरबार में पहुंचे। जहां पैदल यात्रियों ने विधिवत पूजा अर्चना के बाद बाबा के दरबार में झंडा चढाकर न केवल पैदल यात्रा का समापन किया,बल्कि जिले के ग्रामीणों को खुशहाल बनाने और क्षेत्र में सुख शांति बनाए रखने की कामना भी की। इसके बाद यहां मंदिर पर ग्राम जैनी के ग्रामीणों ने आयोजित भंडारे की प्रसादी सभी पैदल यात्रियों ने ग्रहण की।

दरअसल चामुंडा माता समिति वार्ड क्रमांक 10 श्योपुर के बैनर तले आयोजित श्री क्षेत्रपाल बाबा की यह 16 वीं पैदल यात्रा शनिवार को शहर के टोडी गणेश मंदिर से विधिवत पूजा अर्चना के साथ आरंभ हुई। गाजेबाजे के साथ पैदल यात्रा सलापुरा, रायपुरा, सोंईकलां, बगडुआ, भोगिका, जावदेश्वर होते हुए जिंद बाबा की बावडी पर पहुंची। जहां पैदल यात्रियों ने रात्रि विश्राम किया। यहां ग्राम जावदेश्वर के ग्रामीणों की ओर से सभी पैदल यात्रियों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई। यहां रात्रि के दौरान भजन संध्या भी आयोजित की गई। इस दौरान पैदल यात्री देर रात तक भजनों पर झूमे। रात्रि विश्राम करने के बाद रविवार की सुबह यह पैदल यात्रा जैनी के लिए रवाना हो गई। डीजे की धुन पर नाचते हुए पैदल यात्री दोपहर 12 बजे श्री क्षेत्रपाल बाबा के दरबार पहुंच गए। जहां मंदिर समिति द्वारा पूजा अर्चना के बाद पैदल यात्रियों ने जयकारो के साथ बाबा के दरबार में झंडा चढाकर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।



पैदल यात्रियों ने सोंईकलां में ग्रहण किया दोपहर का भोजन

श्योपुर से रवाना हुई श्री क्षेत्रपाल बाबा की पैदल यात्रा में शामिल पैदल यात्रियों ने शनिवार को दोपहर का भोजन सोंईकलां स्थित खुशी स्कूल में ग्रहण किया। सोंईकलां में ब्लॉक कांग्रेस सोंईकलां के अध्यक्ष राममिलन मीणा मित्र मंडल द्वारा पैदल यात्रियों के लिए भंडारा आयोजित किया गया। यहां पैदल यात्रियों का स्वागत करने के लिए श्योपुर विधायक बाबू जंडेल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मांगीलाल फौजी, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामभरत मीणा, सोंईकला सरपंच हरिसिंह रावत, पूर्व सरपंच सोंईकलां लक्ष्मीनारायण मीणा, जनपद सदस्य प्रतिनिधी विजय सिंह रावत सहित अन्य कई वरिष्ठ लोग भी पहुंचे। इसके साथही श्री क्षेत्रपाल बाबा पैदल यात्रा समिति सोंईकलां के द्वारा भी ध्वज पूजन करने के साथही पैदल यात्रा समिति पदाधिकारी व पैदल यात्रियों का स्वागत किया गया।

सोंई से 30 को जाएगी पैदल यात्रा, रामनिवास बने अध्यक्ष

श्री क्षेत्रपाल बाबा पैदल यात्रा समिति सोंईकलां के बैनर तले इस साल श्री क्षेत्रपाल बाबा की पैदल यात्रा 30 अगस्त को गांवघेर के हनुमान मंदिर से रवाना होगी। यह निर्णय शनिवार को आयोजित हुई समिति की बैठक में लिया गया।इसके साथही समिति की नवीन कार्यकारिणी चुनी गई। सर्वसम्मति से चुनी गई नवीन कार्यकारिणी में एक बार फिर से रामनिवास सुमन को अध्यक्ष चुना गया। वहीं राममिलन मीणा, भीमराज शिवहरे, चंदू शर्मा,बृजबिहारी शर्मा को उपाध्यक्ष, विनोद मीणा को सचिव, राहुल गौड व राकेश गौड को सह सचिव, त्रिलोक शर्मा को कोषाध्यक्ष, मधु सुमन को सह कोषाध्यक्ष तथा नीतेश शर्मा, विष्णु शिवहरे, अमित शर्मा, सत्यनारायण उर्फ बब्बू मीणा, मयंक शर्मा, योगेन्द्र शर्मा को प्रचार मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस साल श्री क्षेत्रपाल बाबा की 11 वीं पैदल यात्रा 30 अगस्त को सुबह 8 बजे सोंईकलां स्थित गांवघेर के हनुमान मंदिर से पूजा अर्चना के साथ रवाना होगी और गुरनावदा, कोटरा, शंकरपुर, मेवाड़ा, बहरावदा, सरोदा,मानपुर व जैनी गांव में होते हुए श्री क्षेत्रपाल बाबा के दरवार में पहुंचेगी।

रघुनाथपुर में कन्या प्राथमिक विद्यालय की दो कमरों की छत भरभराकर गिरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शासकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय रघुनाथपुर में बीती शाम को दो कमरों की छत अचानक भरभराकर गिर गई। गनीमत रही कि हादसे के समय स्कूल बंद था और विद्यालय परिसर में कोई मौजूद नहीं था। यदि यह घटना स्कूल संचालन के समय होती तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के बाद विद्यालय भवन की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं।

जानकारी के अनुसार विद्यालय के जिन दो कमरों की छत गिरी है, उन्हें पूर्व में ही क्षतिग्रस्त घोषित कर दिया गया था। इन कमरों पर ताला भी लगा हुआ था, ताकि छात्राओं और स्टाफ को वहां जाने से रोका जा सके। इसके बावजूद इन क्षतिग्रस्त कमरों से सटे हुए अन्य कमरों में छात्राओं की पढ़ाई कराई जाती है। ऐसे में भवन की स्थिति को लेकर अभिभावकों में भी चिंता बनी हुई है। खास बात यह है कि शनिवार सुबह स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विद्यालय में झंडावंदन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया था। इस दौरान विद्यालय परिसर में छात्राएं, शिक्षक और अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम समाप्त होने के कुछ घंटे बाद ही शाम करीब 6 बजे जर्जर कमरों की छत गिर गई। अगर छत दिन के समय कार्यक्रम के दौरान या स्कूल संचालन के वक्त गिरती तो कई छात्राओं और स्टाफ के इसकी चपेट में आने की आशंका थी।

घी एवं पनीर के लिये सैम्पल

श्योपुर। कलेक्टर शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दिलीप सिकरवार के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा मनीष दूध डेयरी पाली रोड श्योपुर से देशी घी एवं पनीर के सैम्पल लेने की कार्यवाही की गई है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी धमेन्द्र जैन ने बताया कि पाली रोड स्थित मनीष दूध डेयरी से घी एवं पनीर के सैम्पल लिये गये है। नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है, जांच प्रतिवेदन प्राप्त वैधानिक कार्यवाही की जायेगी

राडेप में सड़क पर घूमता नजर आया मगरमच्छ, ग्रामीणों में मचा हड़कंप

श्योपुर। जिले के राडेप गांव में बीती रात उस समय ग्रामीणों में दहशत फैल गई, जब गांव के पास स्थित तालाब से निकलकर एक मगरमच्छ सड़क पर पहुंच गया। मगरमच्छ काफी देर तक गांव की सड़क पर घूमता हुआ नजर आया। इसी दौरान वहां से गुजर रहे एक ट्रैक्टर चालक ने मगरमच्छ का वीडियो बना लिया, जो बाद में ग्रामीणों के बीच साझा होने लगा। सड़क पर मगरमच्छ दिखाई देने की खबर मिलते ही ग्रामीणों में भय का माहौल बन गया। ग्रामीणों के मुताबिक, मगरमच्छ गांव के पास स्थित तालाब से निकलकर सड़क की ओर आया था।


स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक
शुभकामनाएं
महेश जाटव
जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष सागर
सौजन्यः- समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता सागर



समस्त नगरवासियों को
स्वतंत्रता
दिवस
की
हार्दिक
शुभकामनाएं
श्री राकेश अहिरवार
वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी
दमोह म.प्र.


स्वतंत्रता दिवस
की समस्त
शहरवासियों को
हार्दिक
शुभकामनाएं
शुभेच्छु-
खनिज विभाग जिला सागर


स्वतंत्रता
दिवस
की आप सभी नगरवासियों को
हार्दिक बधाई
शुभकामनाएं
पारितोष कटारे 'सिन्टू'
जिलाअध्यक्ष शहर कांग्रेस सेवादल सागर


स्वतंत्रता दिवस
की सभी क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
शुभेच्छु : श्री प्रदीप
जैन खाद बाले
फर्म : नंदकिशोर कोमलचंद
नया बाजार सागर


राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस
की सागर नगरवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सागर नगर को
प्लास्टिक मुक्त
बनाने में सहयोग करें।
स्वच्छ सागर बनायें
पानी की बर्बादी रोकें
15 August Independence Day
श्री वृन्दावन अहिरवार
सागर नगर निगम अध्यक्ष


स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
15 अगस्त 2026 | 80वां स्वतंत्रता दिवस
डॉ प्रवीण श्रीवास्तव
प्राचार्य
जय हिन्द!
भारत माता की जय
सौजन्य:
शासकीय महाविद्यालय परिवार
रहली सागर


खबरों की दुनिया
स्वतंत्रता
दिवस
2026
पर समस्त
देशवासियों
ग्राम वासियों को
हार्दिक
बधाई एवं
शुभकामनाएं!
श्री संजय नायक
संचालक
लोकसेवा केंद्र रहली


स्वतंत्रता दिवस
2026
की सभी देशवासियों को
बधाई
शुभकामनाएं
आइए, स्वतंत्रता के इस पावन पर्व पर
हम सब मिलकर देश की उन्नति,
एकता और अखंडता के संकल्प को और
मजबूत करें। हमारा भारत महान बने,
यही हमारी पहचान बने।
गोपाल भार्गव
विधायक
हमारा संदेश
स्वस्थ रहली
स्वच्छ रहली
करों का भुगतान
समय से करे
जल ही जीवन है
व्यर्थ ना बहाये
देवराज सोनी
नगरपालिका अध्यक्ष
धनंजय गुमास्ता
सीएमओ रहली
सौजन्य
समस्त पार्षद गण, एल्डरमैन,
अधिकारी कर्मचारी
नगरपालिका परिषद रहली


जो दम भरते हैं मातृभूमि के चरणों में, उनका जीवन धन्य है,
आओ मिलकर करें प्रण ये, भारत को और भी महान बनाएं हम सब!
समस्त देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
बालकिशन पटेल
सीएमओ, शाहपुर
देवराज सिंह लोधी
अध्यक्ष
नगर परिषद्, शाहपुर जिला - सागर (म.प्र.)


राष्ट्रीय पर्व
स्वतंत्रता दिवस
की आप सभी को
हार्दिक
शुभकामनाएं
सौ.- महिला एवं बाल विकास
विभाग सागर


स्वतंत्रता दिवस
की समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
शुभेच्छु-
उप पंजीय जिला सागर


गणतंत्र
दिवस
की आप सभी को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
15 अगस्त
श्रीमति सुखरानी चढार
सरपंच
श्री संतोष सिंह राजपूत
सचिव
श्री मनीष कुर्मी
सहायक सचिव
सौ- ग्राम पंचायत फुलर


गणतंत्र
दिवस
की आप सभी को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
15 अगस्त
श्री देवेंद्र चढ़ार सरपंच
परासिया
श्री भरत लोधी
सचिव
श्री सत्यभान कुर्मी
ग्राम रोजगार सहायक
सौ.ग्राम पंचायत परासिया


हार्दिक स्वागत वंदन अभिनंदन
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं!
दिनेश रावत
प्रभारी एसडीओ
अनिल श्रीवास्तव
उपयंत्री
एमएल यादव
उपयंत्री
पिक्की पाण्डेय
सौजन्य से:- समस्त अधिकारी कर्मचारी लोक निर्माण विभाग गढ़ाकोटा, रहली


समस्त देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
तिरंगा ही आन है
तिरंगा ही शान है
और तिरंगा ही
हिंदुस्तानियों की पहचान है
15 अगस्त
श्रीमति संगीता मनोज तिवारी
अध्यक्ष नगर पालिका परिषद गढाकोटा
धनंजय गुमास्ता
सौ_ उपाध्यक्ष एवं समस्त पार्षदगण नगर पालिका परिषद गढाकोटा


गणतंत्र
दिवस
की आप सभी को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
15 अगस्त
श्री रविन्द्र जैन
अध्यक्ष
श्री मनोज तिवारी
व्यवस्थापक
श्री विजय घोषी
कोषाध्यक्ष
श्री संजय कुमार
प्राचार्य
सौ.- सरस्वती शिशु मंदिर गढ़ाकोटा


स्वतंत्रता दिवस
की आप सभी
क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
शासकीय महाविद्यालय
गढ़ाकोटा जिला सागर
डॉ. घनश्याम भरती
प्राचार्य


स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
दामोदर सिंह लोधी
सचिव
नीरज (हिटेंन्द) लोधी
सरपंच गौरई
ग्राम पंचायत चौरई


स्वतंत्रता दिवस
की आप सभी
देशवासियों को
हार्दिक
शुभकामनाएं
श्री हरिशंकर सोनी प्राचार्य
सौ. शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला
गढ़ाकोटा, सागर (म.प्र.)